बजट में MSME सेक्टर के लिए बड़ा ऐलान , सरकार कर्ज के लाएगी नई गारंटी योजना

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज मोदी सरकार 2.0 का आखिरी पूर्ण बजट पेश किया। जहां एक तरफ टैक्स छूट का ऐलान किया गया। तो वहीं दूसरी तरफ सरकार ने एमएसई,किसान और कारोबारी सबका ध्यान रखा है।

Budget ki mukhya baten: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण (FM Nirmala SithaRaman) ने आज मोदी सरकार 2.0 (Modi Govt 2.0) का आखिरी पूर्ण बजट पेश किया। जहां एक तरफ टैक्स छूट का ऐलान किया गया। तो वहीं दूसरी तरफ सरकार ने एमएसई,किसान और कारोबारी सबका ध्यान रखा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने स्पीच में कहा है एमएसएमई के लिये नई कर्ज गारंटी योजना शुरू की जाएगी।

MSME के लिए नई क्रेडिट गारंटी स्कीम 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। इस स्कीम के लिए 9000 करोड़ रुपये का फंड रखा गया है। इस स्कीम से MSME को 2 करोड़ रुपये का एडिशनल कोलेट्रल-फ्री कर्ज लेने में मदद मिलेगी।

वित्त मंत्री ने कहा, ‘एमएसई हमारी अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है। 2 करोड़ रुपये तक के टर्न ओवर वाले माइक्रो एंटरप्राइजेज और 50 लाख रुपये तक टर्न ओवर करने वाले प्रोफेशनल्स के लिए मैं 3 करोड़ रुपये और 75 करोड़ रुपये के क्रमश: लिमिट का प्रस्ताव देती हूं।” इसका फायदा उन लोगों को होगा जिन नगद प्राप्तियां 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।